पंजाब केसरी 25/01/2026

सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई प्रतियोगिताओं में भाग लेते विद्यार्थी। (चंद्रमोहन)

सरस्वती महोत्सव के अंतर्गत गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी और निबंध लेखन प्रतियोगिता

अम्बाला, 24 जनवरी (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में सरस्वती महोत्सव-2026 के अंतर्गत आई.के.एस. क्लब द्वारा विद्यार्थियों में अध्ययन के प्रति रुचि, रचनात्मकता तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंतिम चरण के लिए कुल 6 टीमों का चयन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम-ई ने प्राप्त किया, जिसमें बी.कॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष के हिमांशु, हर्ष, समीर एवं निखिल शामिल थे। द्वितीय स्थान टीम-ए को प्राप्त हुआ, जिसमें बी.ए. द्वितीय वर्ष (अंग्रेजी ऑनर्स) के विनीत एवं अनुपमा तथा बी.सी.ए. (ए.आई.) प्रथम वर्ष की अवलीन एवं राशि शामिल थीं। तृतीय स्थान टीम-एफ ने प्राप्त किया, जिसमें बी.कॉम (ऑनर्स) द्वितीय वर्ष से मुस्कान, रमन एवं माही तथा बी.कॉम द्वितीय वर्ष की मेहक प्रतिभागी रहीं।

इस अवसर पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की सराहनीय सहभागिता देखने को मिली। प्रतियोगिता में बी.ए. तृतीय वर्ष की सिमर ने प्रथम, कुलविंदर कौर ने द्वितीय तथा चाहत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षिक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, तार्किक सोच एवं सहयोग की भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।